राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - UPHIN/2022/86937

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 299 | जौनपुर | गुरुवार, 19 जून 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## एडीएम प्रशासन ने बैठक मे अधिकारियो व कर्मियों को दिये आवश्यक निर्देश

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांग मतदाताओं के लिए जनपद स्तर पर गठित कमेटी के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी गण एवं संस्था के सदस्य गण से परिचय प्राप्त किया गया।बाद मे छूटे हुए 18 वर्ष या उससे ऊपर के दिव्यांग जन को मतदाता बनाये जाने हेतु समिति के सदस्यों को विशेष प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गोवा में प्रेमिका के साथ शादी करने आया था युवक

पणजी, (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से शादी करने के लिए एक प्रेमी जोड़ा गोवा आया था, लेकिन युवक ने प्रेमिका की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया और खुद बेंगलुरु भाग गया। सोमवार को महिला का शव दक्षिण गोवा के धारबंदोरा के पिल्लम इलाके के वन क्षेत्र में मिला, जिसके बाद पुलिस ने तफ्तीश शुरू की।

पुलिस ने सबूत के आधार पर आरोपी प्रेमी संजय केविन एम (22) को हुबली से गिरफ्तार किया है। मृतक पीड़िता रोशनी मोसेस (22) हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रोशनी और संजय हुबली से गोवा के लिए कदंबा परिवहन निगम की बस पकड़ी थी। संजय को रोशनी पर शक था कि वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध रखती है, ऐसे में उसने हत्या की योजना बनाई और अपने पास चाकू रखा। रविवार को दोनों धारबंदोरा के मोलेम वन्यजीव अभ्यारण्य में पिल्लिम के पास उतर गए। तब संजय रोशनी को फुसलाकर झाड़ियों में ले गया और चाकू से उसका गला रेत दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी संजय हत्या को अंजाम देने के बाद टैक्सी पकड़कर हुबली चला गया। वह अपने साथ रोशनी का मोबाइल फोन भी ले गया। सोमवार को सुबह जब एक किसान जंगल से निकला तो सड़क से 100 मीटर दूर महिला का शव देखा और पुलिस को सूचना दी।

### केरल से दिल्ली तक बरस रहे बादल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में मानसून के प्रवेश के साथ ही पहली भारी बारिश ने उथल–पुथल मचाना शुरू कर दिया है। मुंबई, कोंकण, कर्नाटक, केरल और गुजरात के कई हिस्सों में झमाझम बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बुधवार (18 जून) को पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा उत्तर भारत के दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बारिश की संभावना जताई गई है। इस सप्ताह के अंत तक मानसून सभी राज्यों में पहुंच जाएगा। आईएमडी के मुताबिक, उत्तरी अरब सागर, गुजरात के शेष भागों, राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, छत्तीसगढ़, झारखंड में मानसून आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 2 दिनों में इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, गुजरात में निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के प्रभाव से बारिश होने के आसार हैं। साथ ही पूर्वोत्तर भारत में अगले 2–3 दिन भारी बारिश की संभावना है। दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भी राजधानी के कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश हो सकती है। इस दौरान बादल गरजने, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। दूसरी तरफ आर्थिक राजधानी मुंबई में सुबह से ही मेघ बरस रहे हैं । और यहां भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी मानसून की आहट से मौसम का मिजाज बदला हुआ है।

## गोरखपुर-पाटलिपुत्र के बीच दौड़ेगी केसरिया रंग की वंदे भारत ट्रेन, हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी

गोरखपुर , (एजेंसी)। गोरखपुर–पाटलिपुत्र वंदे भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिवान से 20 जून को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाएंगे। उद्घाटन के दिन ट्रेन पाटलिपुत्र से गोरखपुर के चलाई जाएगी। ट्रेन में केसरिया रंग के आठ कोच लगेंगे। इसी दिन रेलवे की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन होगा। कार्यक्रम का शेड्यूल बुधवार को आने की संभावना है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एनई रेलवे और ईसीआर की तैयारियां अंतिम दौर में है। सिवान में प्रधानमंत्री की होने वाली जनसभा



के दौरान ही मढ़ौरा फैक्टरी में बने नए लोको (इंजन), हाजीपुर के पास नई रेल लाइन का भी उद्घाटन होगा। मढ़ौरा फैक्टरी में मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत मालगाड़ी के लिए 4500 हार्स पॉवर का इंजन तैयार किया जा रहा है। यहां से 143 इंजन गिनी गणराज्य का निर्यात किया जाएगा। वहीं, वंदे भारत की कोच मंगलवार रात करीब 11 बजे गोरखपुर से पटना रवाना हो गई। खाली गई कोच बिहार से आए यांत्रिक और विद्युत विभाग के अधिकारी और इंजीनियर भी गए हैं, जो पाटलिपुत्र तक कोच की संरक्षा और दक्षता को परखेंगे। गोरखपुर से पाटलिपुत्र तक वंदे भारत सप्ताह में छह दिन चलाई जाएगी। शनिवार को ट्रेन वर्कशॉप में मरम्मत के लिए जाएगी। मरम्मत गोरखपुर वर्कशॉप में ही होगा। रेल प्रशासन की तरफ से रेलवे बोर्ड को भेजे गए ।

## हिमाचल प्रदेश पर मोदी सरकार मेहरबान, 2000 करोड़ की मदद का ऐलान

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने 2023 में बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने की घटना के बाद रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना के लिए हिमाचल प्रदेश को 2006.40 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से राज्य को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव पर विचार किया। उच्च स्तरीय समिति ने हिमाचल प्रदेश राज्य को 2006. 40 करोड़ रुपये की रिकवरी योजना



को मंजूरी दी है, जो राज्य को 2023 मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण हुए नुकसान और विनाश के कारण रिकवरी और पुनर्निर्माण गतिविधियों को पूरा करने में मदद करेगी। इसमें से 1504.80 करोड़ रुपये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से केंद्रीय हिस्सा होगा। इससे पहले 12 दिसंबर 2023 को गृह मंत्रालय ने इस आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए एनडीआरएफ से 633.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और आपदाओं के के दौरान राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवाओं को तोहफा, रोजगार मेले का आयोजन करेगी युवा कांग्रेस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय युवा कांग्रेस कल (19 जून) राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली में एक रोजगार मेले का आयोजन करेगी। आईवाईसी अध्यक्ष उदय भानु चिब ने बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि 100 से अधिक कंपनियां मौके पर ही साक्षात्कार लेंगी और नौकरियों की पेशकश करेंगी। चिब ने एएनआई से कहा कि बीजेपी के आंकड़े बता रहे हैं कि बेरोजगारी पिछले 50 सालों में सबसे ज्यादा है। इसलिए फिलहाल कांग्रेस केंद्र में शासन नहीं कर रही है, ताकि हम सरकारी नौकरियों के लिए नीतियां बना सकें, लेकिन हमारा प्रयास है कि 100 से ज्यादा निजी कंपनियां आएं और युवाओं को इंटरव्यू के बाद मौके पर ही ऑफर लेटर मिल जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिन लोगों का रजिस्ट्रेशन अभी पूरा नहीं हुआ है, वे भी यहां आकर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन



करा सकते हैं। चिब ने बताया कि जो लोग अभी–अभी 12वीं पास हुए हैं या फिर पोस्टग्रेजुएट हैं, वे भी जॉब फेयर में हिस्सा ले सकते हैं। ष्जो लोग 10वीं से 12वीं पास कर चुके हैं, वे भी आ सकते हैं, सभी तरह की कंपनियां यहां आएंगी। चाहे वे ग्रेजुएट हों, अंडरग्रेजुएट हों या पोस्टग्रेजुएट, उनके लिए यहां नौकरी है। मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि वे तालकटोरा स्टेडियम आएं और इसमें हिस्सा लें। जॉब फेयर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आईवाईसी का दावा है कि जॉब फेयर में 100 से ज़्यादा कंपनियाँ और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ हिस्सा लेंगी, जो लोगों को 5000 से ज़्यादा नौकरियाँ देंगी। इससे पहले 17 जून को चिब ने बताया था कि राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न राज्यों में नौकरी मेले के अलावा अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आईवाईसी रक्तदान शिविर और जाति जनगणना पर सेमिनार भी आयोजित करने जा रही है।

## सीएम रेखा यमुना तट पर करेंगी योग

नई दिल्ली। हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। भारत समेत दुनिया के सभी देशों में लोगों को योग दिवस पर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस खास मौके पर दिल्ली सरकार की भी तैयारी चल रही है। सीएम रेखा ने योग दिवस पर बड़े कार्यक्रमों का एलान किया है। दिल्ली में योग दिवस पर कई बड़े सरकारी योग से जुड़े कार्यक्रम होंगे। वहीं साथ ही मुख्यमंत्री 21 जून को योग दिवस के दिन यमुना तट पर योग करेंगीं। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जब बारिश होती है तो अधिक मात्रा में पानी आता है। ड्रेनेज एक दम से फ्लो नहीं ले पाती है। पानी आना नेचुरल है



लेकिन नीचे कोई तवा तो नहीं लगा कि एकदम पानी सोख ले। वह पानी आपके ड्रेन में जाएगा और अगर वह एक घंटे में निकल जाता है तो यह स्वाभाविक है। परंतु इससे अधिक पानी रुकता है तो कहीं न कहीं समस्या है। या तो नाला ब्लॉक है तो उसे देखने की आवश्यकता है। कल भी जहां जहां समस्या आई, उन्हें हमने संज्ञान में लिया है। हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। योग दिवस मनाने के लिए 21 जून का दिन इसलिए चुना गया क्योंकि यह वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे गर्मी का संक्रांति दिवस भी कहा जाता है। यह दिन योग के लिए प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आत्म– जागरूकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का समय माना जाता है। योग दिवस क्यों मनाया जाता है? शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग दिवस मनाने की शुरुआत हुई इस दिन के जरिए योग के लाभों के प्रति वैश्विक जागरूकता फैलाई जाती है। आंतरिक शांति और संतुलन को प्रोत्साहित करने के लिए योग दिवस मनाने की शुरुआत हुई। समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक स्तर पर योग दिवस मनाने के लिए भारत ने प्रस्ताव रखा था। योग दिवस 2025 की थीम प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक खास विषय पर आधारित होता है।

## फास्टैग को लेकर नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान अब 3,000 रुपये में मिलेगा एनुअल-पास



नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि 15 अगस्त, 2025 को 3,000 रुपये की कीमत वाला एक नया फास्टैग–आधारित वार्षिक पास लॉन्च किया जाएगा, जिससे गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिए देश के राजमार्ग नेटवर्क पर निर्बाध यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। बुधवार को घोषित इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाना है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर घोषणा को साझा करते हुए, गडकरी ने कहा कि परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्रा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम में, हम 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग–आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। गडकरी ने कहा कि सक्रियण की तारीख से एक वर्ष के लिए या 200 यात्राओं तक– जो भी पहले हो– वैध– यह पास विशेष रूप से गैर–व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य निजी वाहन मालिकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को सुगम और अधिक किफायती बनाना है। यह पास सड़क परिवहन प्रणालियों को डिजिटल बनाने और सुव्यवस्थित करने के सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, साथ ही यह राजमार्गों का लगातार उपयोग करने वालों को वित्तीय राहत और लचीलापन भी प्रदान करता है। गडकरी ने आगे कहा कि उपयोगकर्ता जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप पर उपलब्ध एक समर्पित लिंक का उपयोग करके वार्षिक पास को सक्रिय और नवीनीकृत कर सकेंगे, साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (छभ्।प्) और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (डवत्ज्भ्) की आधिकारिक वेबसाइटों के माध्यम से भी। उन्होंने कहा कि वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा को सक्षम करेगा। सक्रियण और नवीनीकरण के लिए एक समर्पित लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा है।

## सरकारी मदद के बगैर बीसीपीएल को टिकाऊ बनाने के लिए कर रहे काम : हिमंत

असम, (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि उनका प्रशासन ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) को सरकारी मदद के बगैर टिकाऊ बनाने के लिए एक स्थायी समाधान पर काम कर रहा है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इस राह में कई चुनौतियां हैं और हम उन पर चर्चा कर रहे हैं।'' बीसीपीएल पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल परिसर है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत बीसीपीएल को जनवरी, 2016 में चालू किया गया था। यह संयंत्र देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले पॉलिमर के विभिन्न ग्रेड का उत्पादनकरता है। इसकी प्रमुख शेयरधारक कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड इसके उत्पादों का विपणन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसीपीएल ने अपने इस्तेमाल के लिए ओडिशा के पारादीप में जमीन कर रहे हैं क्योंकि इससे उद्योग को मजबूती मिलेगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर सरकारी मदद नहीं मिली तो यह परियोजना बंद हो जाएगी।



मांगी थी और राज्य सरकार इसके लिए कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम यहां तैयार उत्पाद बनाने के लिए एक समूह के साथ बातचीत उन्होंने कहा, ''केंद्र और राज्य सरकारें दोनों ही अब मदद कर रही हैं। लेकिन हमें किसी स्थायी समाधान के बारे में सोचना होगा।''

## उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया को बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया : मायावती

लखनऊ, (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने हाल में आयोजित पुलिस भर्ती अभियान को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की और कहा कि यह नियमित प्रक्रिया है जिसे अनावश्यक रूप से बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया। मायावती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश में हाल में हुई सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि पुलिस में ऐसी भर्ती नियमित कार्य है, ताकि बैकलॉग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आ आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनके प्रशिक्षण का क्या? यही आम चिन्ता है। उन्होंने कहा, 'बसपा की मेरी सरकार में प्रदेश में 'कानून द्वारा कानून का राज' का न्याय–युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया, जिस शान्ति



व्यवस्था का लाभ बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के लोगों को मिला, जिसकी अब काफी कमी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में 60 हजार से अधिक सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। यहां डिफेंस एक्सपो मैदान में रविवार को आयोजित समारोह में नव–नियुक्त 60,244 सिपाहियों के उज्ज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, ''मेरी दृष्टि से संख्या से ज्यादा एक बात महत्वपूर्ण है, मेरे सामने 60,244 युवा बैठे हैं और हिम्मत से कह रहा हूं कि किसी को एक आने–पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी है।'' उन्होंने कहा था, ''पारदर्शिता के साथ यह भर्ती हुई है। न खर्ची, न पर्ची, न कोई सिफारिश, न जाति के आधार पर...48 लाख आवेदनों में आप सब अपनी योग्घ्यता के आधार पर आए हैं और मैं मानता हूं ।

## बिहार में इंडिया गठबंधन एकजुट है, एक महीने में हो जाएगा सीटों का बंटवारा : कांग्रेस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस ने सहयोगी दलों और पार्टी के भीतर गहन विचार–विमर्श के बाद कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन एकजुट है और वह लगभग एक महीने में सीट बंटवारे पर बातचीत पूरी हो जाएगी. बिहार के प्रभारी एआईसीसी सचिव सुशील पासी ने बताया, इंडिया ब्लॉक में माहौल अच्छा है. कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं है. हमने सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है, जो लगभग एक महीने में पूरी हो जाएगी. गठबंधन की भावना से विचार–विमर्श किया जा रहा है. पिछले महीनों में जब कांग्रेस ने आक्रामक तरीके से मतदाताओं तक पहुंचना शुरू किया तो ऐसा लग रहा था कि यह पुरानी पार्टी 2020 के चुनावों में लड़ी गई 243 में से 70 सीटों से अधिक सीटों की मांग करेगी, लेकिन पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि 2025 में ध्यान सीटें जीतने पर है. कांग्रेस 2020 में केवल 19 सीटें जीत पाई थी और इस बार अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है. इसके लिए विस्तृत सर्वेक्षण किए जा रहे हैं और जिला इकाई प्रमुखों से फीडबैक लिया जा रहा है, जो राहुल गांधी के निर्देशानुसार टिकट वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. पासी ने कहा, पार्टी अपना खुद का सर्वेक्षण करती है, लेकिन हम इसमें शामिल नहीं हैं. जहां तक स्थानीय टीम प्रमुखों का सवाल है, हम निश्चित रूप से विभिन्न सीटों और उम्मीदवारों पर उनसे फीडबैक ले रहे हैं. मुख्य ध्यान हमारी मजबूत सीटों और जीतने की संभावना पर है, न कि सीटों की संख्या पर. पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि जातिगत कारक और मजबूत उम्मीदवारों की उपस्थिति सभी गठबंधन टिकटों के लिए कारक होंगे क्योंकि नामांकन में उन लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करना होगा जो अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में बदलाव की तलाश कर रहे हैं. पासी ने कहा, इस बार मतदाताओं के मूड का सम्मान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें खुद को एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश करना है. इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, कांग्रेस प्रबंधकों ने हाल ही में 19 विधायकों और तीन सांसदों के साथ एक रणनीति सत्र आयोजित किया, जिसमें चुनाव अभियान की व्यापक रूपरेखा पर चर्चा की गई.

कांग्रेस के नेता शकील अहमद खान ने कहा सभी नेताओं ने अभियान की प्रकृति पर अपने सुझाव दिए हैं. सभी चाहते हैं कि पार्टी नौकरी, शिक्षा, महिला कल्याण, सुशासन आदि जैसे मुद्दों को लेकर लोगों के बीच आक्रामक तरीके से जाए और सरकार बदलने का वादा करे. उन्होंने कहा, लोगों के सामने विकास के अपने दृष्टिकोण को सूचीबद्ध करने के अलावा, हमने यह भी चर्चा की कि आने वाले दिनों में सांसदों और पार्टी संगठन के बीच बेहतर समन्वय कैसे सुनिश्चित किया जाए। हमें इस तथ्य को उजागर करना होगा कि कुछ नौकरशाह वास्तव में सरकार चला रहे हैं. बिहार में कांग्रेस के अभियान का एक और महत्वपूर्ण पहलू केंद्र की उस अधिसूचना पर स्पष्टता की कमी होगी, जिसमें कहा गया है ।

## संपादकीय

# रडार पर पाक

आखिरकार भारत की चिर–प्रतीक्षित मांग कि पाकिस्तान को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, हकीकत बनती नजर आ रही है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। अब वैश्विक वित्तीय कार्रवाई कार्य बल यानी एफएटीएफ, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण गतिविधियों के लिए वैश्विक निगरानी संस्था है, ने अंततः 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आतंकवाद के लिए फंडिग के रिकॉर्ड की निगरानी करने वाली इस संस्था ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा। उल्लेखनीय है कि पाक को वर्ष 2022 में इस सूची से हटा दिया गया था। दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन को मनाने में सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाकिस्तान को करना पड़ेगा। यह विडंबना ही कि पश्चिमी देश अपने स्वार्थों के लिये आतंकवाद पोषण की परिभाषा ही बदल देते हैं। उन्हें मानवता के प्रति अपराध करने वाले देश अपने निहित स्वार्थों के चलते पाक–साफ नजर आने लगते हैं। भारत समेत अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी तब हैरान हुई जब आईएमएफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये संतोषजनक प्रगति की है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने बेनकाब किया। भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाकिस्तान का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा। दरअसल, पाकिस्तानी हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं। भारत ने इस खतरे का हवाला देते हुए विश्व जनमत को हकीकत से अवगत कराने का प्रयास किया है। अब यह एफएटीएफ के कर्ता–धर्ताओं के विवेक पर निर्भर करता है

# साइप्रस से कूटनीतिक-आर्थिक संबंधों के निहितार्थ

पुष्परंजन

अब चूंकि प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिल चुका है, तो हम उम्मीद करते हैं कि दक्षिणी दिल्ली की उस सड़क के नाम को सुधारा जायेगा। लोधी रोड के पीछे, पेड़ों से घिरा एक छोटा–सा रास्ता, जहां हरे रंग के एक बोर्ड पर हिंदी में लिखा है– 'आर्च बिशप माकोरियस मार्ग'। अंग्रेजी, गुरुमुखी, और उर्दू में भी वही लिखा है। दिल्ली स्थित साइप्रस उच्चायोग वालों का भी ध्यान दशकों से लगे इस बोर्ड पर नहीं गया। वास्तविक नाम है– 'आर्चबिशप मकारियोस तृतीय।' प्रधानमंत्री मोदी से पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी इस सर्वोच्च सम्मान




से नवाजे जा चुके हैं। वर्ष 2017 में उन्हें यह पुरस्कार, साइप्रस की यात्रा के दौरान मिला, जहां उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस अनास्तासियादेस से मुलाकात की। यह पुरस्कार भारत और साइप्रस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया था। वर्ष 2017 में साइप्रस गणराज्य ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता प्राप्त करने का समर्थन किया। मगर, मकारियोस तृतीय के वास्तविक नाम से आठ साल तक दिल्ली वाले अनजान रहे। प्रधानमंत्री मोदी को मिले पुरस्कार पर भी उनका नाम है, जिसने निकोसिया और नई दिल्ली के बीच एक ऐतिहासिक सूत्र को मजबूत किया था। वर्ष 1983 में गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली में कई महत्वपूर्ण नेता आए थे, तब मुझे भी विदेश मंत्रालय में बहैसियत 'प्रोटोकॉल असिस्टेंट', काम करने का अवसर मिला था। दिल्ली आये जिन नेताओं को तब नजदीक से देखने का अवसर मिला था, उनमें फिदेल कास्त्रो, यासिर अराफात भी शामिल थे। इसके बाद, कुछ चुनिंदा सड़कों को गुटनिरपेक्ष नेताओं के नाम रखा गया– 'जोसिप ब्रोज टीटो मार्ग, गमाल अब्देल नासर मार्ग, हो ची मिन्ह मार्ग– और 'माकोरियस मार्ग'। मकारियोस के नाम पर यह सड़क उस कूटनीतिक युग का अवशेष है, जो कभी बहुत चमकता था। बाद के दिनों में मनमोहन सरकार ने आर्चबिशप मकारियोस तृतीय की स्मृति में डाक टिकट जारी किया था। अब अचानक से आर्चबिशप मकारियोस तृतीय भारत में वायरल हो गए, जिन्होंने 1950 से 1977 तक साइप्रस के चर्च के आर्च बिशप के रूप में और 1960 और जुलाई, 1974 के बीच साइप्रस के पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उसके प्रकारांतर, दिसंबर, 1974 और 1977 के बीच दूसरे कार्यकाल में भी वो शासन प्रमुख बने रहे। उन्हें साइप्रस गणराज्य के संस्थापक पिता, 'एथनार्क' के रूप में माना जाता है, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से इसके हस्तांतरण का नेतृत्व किया था। हालांकि, ब्रिटिश सरकार इस द्वीप को उपनिवेश मुक्त करने के लिए अनिच्छुक थी। ब्रिटिश गए भी, तो साइप्रस को भारत–पाकिस्तान की तरह बांटकर, और विवाद को रोपकर। ईओकेए बी एक ग्रीक साइप्रस अर्धसैनिक संगठन था, जिसे 1971 में जनरल जॉर्जियोस ग्रिवास ने अति राष्ट्रवादी विचारधाराओं के आधार पर बनाया था। इस संगठन का उद्देश्य साइप्रस को ग्रीस के साथ एकीकृत करना था, लेकिन बाद में नागरिकों पर हमलों के परिणामस्वरूप, साइप्रस गणराज्य द्वारा इसे गैरकानूनी घोषित कर, एक आपराधिक संगठन माना गया था। आर्च बिशप मकारियोस एकमात्र यूरोपीय नेता थे, जिन्होंने अप्रैल 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित उपनिवेशवाद विरोधी 'बांडुंग सम्मेलन' में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ मिलकर काम किया था। यह वह सम्मेलन था, जिसने अंततः गुटनिरपेक्ष आंदोलन की स्थापना की, जो अमेरिका और यूएसएसआर के नेतृत्व वाले शीतयुद्धीय शिविरों का विकल्प था। साइप्रस बेलग्रेड में 1961 के गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में पच्चीस प्रतिभागियों में से एक था, जिसने औपचारिक रूप से आंदोलन की स्थापना की। 1957 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा में, भारत के विदेश मंत्री कृष्ण मेनन साइप्रस की स्वतंत्रता के पहले अधिवक्ताओं में से एक थे। मेनन ने साइप्रस की बिना शर्त स्वतंत्रता की वकालत की। आज, साइप्रस संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ का सदस्य राज्य है। तुर्की का प्रतिद्वंद्वी, जो सारे घोड़े खोल लेने के बाद भी यूरोपीय संघ का सदस्य देश नहीं बन सका। साइप्रस 1 मई, 2004 को यूरोपीय संघ का सदस्य देश बना, 2026 में उसे ईयू का अध्यक्ष देश बनना है। इससे पहले 2012 में साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश बना था। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जून, 2025 को ग्रीक–साइप्रस संबंधों को और गहरा करने का संकल्प लिया। उन्हें इस साल के अंत तक यूरोपीय संघ के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की उम्मीद है। जाहिर है, जब साइप्रस यूरोपीय संघ का अध्यक्ष देश बनेगा, भारत से संबंधों की नई इबारत लिखी जाएगी। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा गश्त की जाने वाली उस ग्रीन लाइन का भी दौरा किया, जो राजधानी निकोसिया को दो भागों में विभाजित करती है। यह एर्दोआन को अखर रही होगी। सम्भव है, साइप्रस अगला टूरिस्ट डेस्टिनेशन बने। यह विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है, कि अंकारा द्वारा इस्लामाबाद का समर्थन करने के बाद, तुर्की में भारतीय पर्यटकों की आमद में कमी आई थी, साथ ही भारतीयों ने तुर्की के उत्पादों और सेवाओं का भी बहिष्कार किया। भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्की के ग्राउंड सर्विस प्रदाता सेलेबी के लिए सुरक्षा मंजूरी भी रद्द कर दी। भारत और साइप्रस के दोनों शिखर नेताओं ने सीमा पार लेन–देन के लिए साइप्रस में यूपीआई सेवाएं शुरू करने, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और साइप्रस के यूरोबैंक के बीच एक समझौता ज्ञापन की सुविधा प्रदान की। भारत, ऊर्जा– तकनीकी सहकार के साथ–साथ मध्य पूर्व–यूरोप व्यापार गलियारे को डेवलप करने के लिए प्रयासरत है, जो चीन का 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' का विकल्प बन सकता है। फिर भी, निकोसिया और नई दिल्ली के दिल मिलाने के प्रयास काफी करने होंगे। अव्वल, आम भारतीय साइप्रस के मैरोनाइट ईसाई, अर्मेनियाई, और कुछ हजार अरबी भाषियों के स्वभाव, खान–पान, संगीत–संस्कृति से अनजान है। यह ग्रीस के दक्षिण–पूर्व में, तुर्की के दक्षिण में, सीरिया और लेबनान के पश्चिम में, इस्राइल– फलस्तीन के उत्तरपश्चिम में, और मिस्र के उत्तर में अवस्थित, साढ़े नौ हजार वर्ग किलोमीटर की परिधि वाला देश है।

# हादसों की बढ़ती शृंखला और सुरक्षा की चूक

ऋतुपर्ण

बारह जून, 2025 दुनिया को इतिहास में काले दिन के रूप में याद रखा जाएगा। फिर 15 जून की उत्तराखंड में आर्यन एविएशन प्रा. लि. के एक हेलीकॉप्टर क्रैश ने सवालों को और बड़ा कर दिया। शाम ढलने से पहले पुणे में बंद, जर्जर पुल तेज पानी के बहाव में उस पर खड़े बाढ़ का आनंद लेते लोगों का वजन नहीं सह पाया और ढह गया। इन हादसों ने सुरक्षा पर कई सवालिया निशान लगा दिए हैं। फ्लाइट एआई.171 के बोइंग की खूबियों के साथ खामियां पता थीं। इसकी तमाम सीरीज भी सुरक्षा पर घिरती रही। बोइंग पर सवार हजारों नॉटिकल मील के सफर पर निकले लोग, एक हथेली की पांच उंगलियों जितने मील भी नहीं उड़ पाए। पिछले साल अमेरिकी सीनेट ने बोइंग के पूर्व सीईओ डेव कॉलहम को सुरक्षा को लेकर कड़ी पूछताछ के लिए तलब किया था, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। नए सीईओ केली ऑर्टबर्ग ने अगस्त 2024 में पद संभाला, लेकिन सुरक्षा चुनौतियां कम नहीं हुईं। जून, 2025 में ड्रीमलाइनर हादसे ने बोइंग पर फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए, जबकि पहले से ही सुरक्षा उल्लंघन और निरीक्षण में बाधा जैसे आरोप कंपनी पर लगे हुए थे। आखिर बोइंग में ऐसी कौन–सी खराबी है जो दुर्घटनाएं थम नहीं रहीं? दुनिया में इसके पांच सबसे बड़े हादसों ने भरोसे को तोड़ा है। 1977 में टेनेरिफ हादसा हुआ। 2018 में लॉयन एयर फ्लाइट का बोइंग 737 मैक्स क्रैश से 189 मौतें हुईं। जबकि 2019 में इथियोपियन एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स में 157 और 2024 में जेजू एयर फ्लाइट के बोइंग 737–800 क्रैश में 179 लोगों की जान चली गई। चिंताजनक यह है कि नई पीढ़ी के विमान मॉडल भी सुरक्षा को लेकर सवालों के घेरे में आ गए हैं। बोइंग 737 सीरीज के 800 वैरिएंट ने पहली बार 1997 में उड़ान भरी और यह दुनिया के सबसे ज्यादा बिकने वाले तथा भरोसेमंद विमानों में गिना जाने लगा। इसकी शुरुआती यात्री क्षमता 189 थी। इसके बाद आए उन्नत संस्करण 'बोइंग 737 मैक्स' को बड़े इंजन, उन्नत मशीनरी और आधुनिक सॉफ्टवेयर से लैस किया गया था। लेकिन डिजाइन संबंधी खामियों के चलते 2018 और 2019 में इसके दो विमानों की दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें कुल 346 लोगों की जान चली गई। नए और उन्नत मॉडलों के बावजूद बोइंग पर लगातार सवाल उठते रहे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इंजीनियर सैम सालेहपुर के हवाले से बताया कि 787 ड्रीमलाइनर और 777 विमानों में खामियां हैं, जो शॉर्टकट्स की वजह से आई हैं और इससे बड़े हादसे हो सकते हैं। सैम ने कहा मकसद बोइंग को बदनाम करना नहीं, हादसों को रोकना है। उनकी चिंताओं को अनदेखा नहीं किया गया और 2021 में एफएए ने ड्रीमलाइनर की डिलीवरी रोक दी। बाद में बोइंग ने दुरुस्तियां कर डिलीवरी शुरू की, लेकिन कंपनी का दावा सुरक्षित होने का खोखला साबित हुआ। इसके चलते 737 मैक्स बेड़े की उड़ानों पर रोक लग गई। भारत के डीजीसीए ने भी 2019 से 2021 तक बोइंग 737 मैक्स विमानों को प्रतिबंधित रखा और 2024 में इमरजेंसी एग्जिट जांच के आदेश दिए। अमेरिका में भी 737 मैक्स 9 विमानों की उड़ानें रोक दी गईं। अहमदाबाद दुर्घटना ने बोइंग विमानों की सुरक्षा पर फिर जबरदस्त चिंताएं बढ़ा दीं। पहले ही गुणवत्ता नियंत्रण, डिजाइन की मजबूती, सुरक्षा मानकों और नियामक निगरानी पर सवाल कम नहीं हैं। वहीं, 2009 में पहले क्रैश के बाद से 100 से अधिक घटनाएं हुईं। साल की शुरुआत में ही वाशिंगटन जा रहे बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर को आइवरी कोस्ट पर उड़ते वक्त इमरजेंसी के चलते लागोस में लैंडिंग करानी पड़ी, सितंबर 2024 में, दिल्ली से बर्मिंघम जा रहे ।

## .......... विविध ..........

# कैंसर का खतरा करना है दूर तो साल में एक बार जरूर कराएं ये टेस्ट

आज के दौर में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का नाम सुनते ही डर लगने लगता है। लेकिन अगर समय रहते इसका पता चल जाए, तो इलाज आसान और सफल हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, कैंसर का



खतरा कम करने और समय पर इसका पता लगाने के लिए नियमित रूप से मेडिकल टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। विशेष रूप से कुछ जांचें ऐसी हैं जो साल में एक बार करवा लेने से कैंसर का शुरुआती स्टेज में ही पता लगाया जा सकता है।

क्यों जरूरी हैं सालाना कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट?

कैंसर की शुरुआत अक्सर शरीर में बिना कोई लक्षण दिए होती है। जब तक लक्षण दिखते हैं, तब तक यह बीमारी गंभीर रूप ले चुकी होती है। ऐसे में नियमित जांच न सिर्फ कैंसर को रोकने में मदद करती है, बल्कि शुरुआती स्टेज में ही इसे पकड़कर सफल इलाज का रास्ता भी खोलती है।

पैप स्मीयर टेस्ट

यह टेस्ट खासतौर पर महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है। यह जांच गर्भाशय के मुंह (सर्विक्स) पर होने वाले कैंसर का समय रहते पता लगाने में मदद करती है। यह टेस्ट 21 से 65 साल की महिलाओं को हर 3 साल में एक बार जरूर कराना चाहिए। अगर किसी महिला को हाई–रिस्क ग्रुप में माना जाता है, यानी उनके परिवार में किसी को कैंसर रहा हो या कुछ लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें यह टेस्ट हर साल कराना चाहिए। इससे सर्विक्स में मौजूद असामान्य कोशिकाएं शुरुआती स्तर पर पकड़ में आ जाती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का रूप ले सकती हैं।

मैमोग्राफी

यह जांच महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का पता लगाने के लिए की जाती है। खासतौर पर 40 साल की उम्र के बाद, महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए इस उम्र के बाद हर महिला को साल में एक बार मैमोग्राफी करवानी चाहिए। इस टेस्ट के जरिए स्तनों में किसी गांठ, सूजन या टिशू में किसी भी बदलाव की जानकारी मिलती है। यदि समय पर कैंसर का पता चल जाए तो इसका इलाज बहुत प्रभावी होता है और पूरी तरह ठीक होने की संभावना रहती है।

पीएसए टेस्ट

यह टेस्ट पुरुषों के लिए बहुत जरूरी है, खासतौर पर 50 साल से ऊपर के पुरुषों को इसे सालाना कराना चाहिए। यह जांच प्रोस्टेट ग्रंथि में होने वाले कैंसर की पहचान के लिए होती है। इस टेस्ट में प्रोस्टेट–स्पेसिफिक एंटीजन नामक एक प्रोटीन की मात्रा मापी जाती है। अगर इस प्रोटीन की मात्रा बढ़ी हुई पाई जाती है, तो प्रोस्टेट कैंसर की संभावना हो सकती है। समय पर जांच से बीमारी की पहचान आसान हो जाती है और इलाज जल्दी शुरू किया जा सकता है।

कोलोनोस्कोपी

यह टेस्ट बड़ी आंत (कोलोन) और रेक्टम के कैंसर की पहचान के लिए किया जाता है। यह विशेष रूप से 45 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए जरूरी है। आमतौर पर यह टेस्ट 10 साल में एक बार कराया जाता है, लेकिन अगर किसी को आंत से जुड़ी समस्याएं पहले से रही हों या उनके परिवार में कैंसर का इतिहास हो, तो उन्हें सालाना यह जांच करानी चाहिए। इस जांच में पॉलिप्स या कैंसर जैसी समस्याओं का शुरुआती स्तर पर पता चल जाता है, जिससे इलाज आसान हो जाता है।

सीटी स्कैन और लो–डोज चेस्ट स्कैन

यह टेस्ट फेफड़ों के कैंसर की शुरुआती जांच के लिए किया जाता है। खासकर जो लोग धूम्रपान करते हैं या पहले लंबे समय तक स्मोकिंग कर चुके हैं, उनके लिए यह टेस्ट बहुत जरूरी है। यह जांच 50 से 80 साल की उम्र के लोगों को हर साल करानी चाहिए। लो–डोज चेस्ट स्कैन से फेफड़ों में होने वाले छोटे–छोटे बदलाव और गांठों का जल्दी पता लगाया जा सकता है। इससे फेफड़ों के कैंसर का इलाज समय पर शुरू किया जा सकता है और जान बचाई जा सकती है।

अन्य महत्वपूर्ण जांचें

ब्लड टेस्ट और बायोप्सीरू अगर शरीर में कोई गांठ या लक्षण दिखें, तो इन टेस्ट्स की मदद से कैंसर की पुष्टि की जाती है।

एचपीवी टेस्ट – यह महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए जरूरी है।

स्किन कैंसर स्क्रीनिंगरू जिनकी त्वचा पर बार–बार बदलाव होते हैं, उन्हें यह जांच करानी चाहिए।

बचाव ही सबसे बड़ा इलाज है

कैंसर का डर केवल तभी तक है, जब तक हम लापरवाह रहते हैं।

# मुल्तानी मिट्टी में मिलाएं ये 3 चीजें, बढ़ जाएगा चेहरे का निखार

मुल्तानी मिट्टी, जिसे थ्नससमतश्े म्तजी भी कहा जाता है, एक छंजनतंस त्वकनबज है जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह त्वचा से गंदगी, तेल और प्रदूषण को हटाने में मदद करता है और त्वचा को साफ और चमकदार बनाता है। मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल प्राचीन काल से ही होता आ रहा है, और यह आज भी कई तरह की त्वचा समस्याओं के लिए एक अद्भुत उपाय माना जाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मुल्तानी मिट्टी में किन तीन चीजों को मिलाकर आप अपने चेहरे का निखार बढ़ा सकते हैं।



मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल

गुलाब जल त्वचा को ठंडक पहुंचाने और उसे सुकून देने का काम करता है। जब इसे मुल्तानी मिट्टी में मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण त्वचा को गहरी सफाई देता है। गुलाब जल में एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा को नमी और पोषण प्रदान करते हैं। मुल्तानी मिट्टी के साथ मिलाकर यह मिश्रण त्वचा से अतिरिक्त तेल को अवशोषित करता है, जिससे मुँहासे और पिंपल्स की समस्या कम होती है।

कैसे करें इस्तेमाल– 1–2 चमच मुल्तानी मिट्टी लें। उसमें 1–2 चमच गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर अच्छे से लगाएं और सूखने तक छोड़ दें। फिर चेहरे को ताजे पानी से धो लें। यह उपाय चेहरे की गहराई से सफाई करता है और त्वचा को ताजगी प्रदान करता है।

मुल्तानी मिट्टी और हल्दी

हल्दी में त्वचा के लिए कई गुणकारी तत्व होते हैं। यह एंटीबैक्टीरियल, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती है, जो त्वचा को स्वस्थ बनाते हैं। हल्दी का नियमित रूप से उपयोग त्वचा को निखारने, दाग–धब्बों को हटाने और चेहरे की चमक को बढ़ाने में मदद करता है। जब मुल्तानी मिट्टी और हल्दी को एक साथ मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण त्वचा को टोन करता है और उसे अतिरिक्त निखार प्रदान करता है।

कैसे करें इस्तेमाल–1 चमच मुल्तानी मिट्टी लें। उसमें 1/4 चमच हल्दी मिलाएं। पानी या गुलाब जल के साथ इस मिश्रण को गाढ़ा पेस्ट बना लें। पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 10–15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। यह मिश्रण त्वचा को निखारने और उसे मुलायम बनाने में मदद करता है।

शहद प्राकृतिक रूप से एंटीबैक्टीरियल और हाइड्रेटिंग होता है, जो त्वचा को गहरी नमी प्रदान करता है। यह त्वचा को मॉइस्चराइज करने के साथ–साथ उसकी झुर्रियों को भी कम करता है। मुल्तानी मिट्टी के साथ शहद मिलाकर इसे चेहरे पर लगाने से यह मिश्रण त्वचा को ग्लोइंग बनाता है और उसमें निखार लाता है। शहद से त्वचा में कसाव आता है और त्वचा को सॉफ्ट और स्मूथ बनाने में मदद मिलती है।

कैसे करें इस्तेमाल– 1 चमच मुल्तानी मिट्टी लें। उसमें 1 चमच शहद मिलाएं। थोड़ी मात्रा में पानी या गुलाब जल डालकर पेस्ट बना लें।पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 10–15 मिनट के बाद धो लें। यह मिश्रण चेहरे को हाइड्रेट करता है और उसे चमकदार बनाता है।

मुल्तानी मिट्टी के फायदे

मुल्तानी मिट्टी में कई प्राकृतिक तत्व होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। इसमें मौजूद सिलिका, आयरन ऑक्साइड और अन्य मिनरल्स त्वचा के पोर्स को साफ करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, मुल्तानी मिट्टी त्वचा को टोन करने, गहरे दाग–धब्बों को हल्का करने, और अतिरिक्त तेल को अवशोषित करने का काम करती है।

मुल्तानी मिट्टी एक प्रभावी और किफायती स्किनकेयर उत्पाद है, जो चेहरे की त्वचा को निखारने के लिए उपयोगी है। अगर आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा ग्लो करे और हर समय ताजगी महसूस हो, तो इन प्राकृतिक चीजों के साथ मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करें। यह मिश्रण न केवल त्वचा की सफाई करता है, बल्कि उसमें एक नया जीवन और चमक भी लाता है।



# नौकरी के नाम पर 100 से ज्यादा बेरोजगारों से ठगी, दो फर्जी कॉल सेंटर से खेला गया ठगी का खेल

लखनऊ, (संवाददाता)। बंथरा और सरोजनीनगर पुलिस ने नामी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर 100 से ज्यादा बेरोजगारों को ठगने वाले गिरोह का खुलासा करते



हुए नौ जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो साल से दो फर्जी कॉल सेंटर चलाकर युवाओं को ठग रहे थे। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को बंथरा पुलिस ने आजाद विहार कॉलोनी स्थित एक मकान में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए बंथरा निवासी अजय प्रताप सिंह, बिहार के वैशाली निवासी संतोष कुमार, बंथरा के अमित सिंह, सरोजनीनगर की वैशाली सिंह और आरती सिंह को गिरफ्तार किया। मौके से 10 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, चार पैनकार्ड, छह डेबिट कार्ड, तीन आधार कार्ड, तीन ई श्रम कार्ड, छह पासबुक, तीन चेकबुक और दो डायरी बरामद हुए। आरोपी अजय व अमित मूल रूप से रायबरेली के रहने वाले हैं। इसी तरह सरोजनीनगर पुलिस ने कानपुर अंडरपास स्थित एक बिल्डिंग में चल रहे कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर वहां से सरोजनीनगर निवासी कुलदीप व प्रियंका, बंथरा निवासी शालू और आंचल शर्मा को गिरफ्तार किया। मौके से आठ मोबाइल फोन, पांच लैपटॉप, दो इंटरनेट डिवाइस व एक कार बरामद की। आरोपी कुलदीप मूल रूप से रायबरेली के लालगंज बेसवारा का रहने वाला है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी नोएडा की एक कंपनी से 15 हजार रुपये महीने पर बेरोजगारों का बायोडाटा खरीदते थे। इसके बाद जालसाज टेलीकॉलिंग के माध्यम से बेरोजगारों को एयर इंडिया, टाटा मोटर्स, टीसीएस, विस्तारा एयरलाइन व अन्य नामी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। दस्तावेज सत्यापन, पुलिस सत्यापन व अन्य मदों में 10 से 20 हजार रुपये तक वसूल कर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र दे देते थे। डीसीपी ने बताया कि उक्त दोनों कॉल सेंटर दो साल से चल रहे थे। अभी तक की गई छानबीन में इस बात का पता चला कि जालसाज ठगी के लिए फर्जी नाम व पते पर खरीदे गए सिम कार्ड व बैंक खातों का प्रयोग करते थे। फर्जी खाता राजस्थान के कोटा का निवासी राहुल आरोपियों को देता था। इसके एवज में 20–22 प्रतिशत रुपये लेता था। ठगी के इस धंधे में एक जालसाज संदीप सिंह का भी नाम भी सामने आया है। पुलिस उसके बारे में पता लगा रही है।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान का हाल... पेट में समस्या आज, जांच होगी साल भर बाद

लखनऊ, (संवाददाता)। गोंडा निवासी शिवम को लंबे समय से पेट में समस्या है। जिला अस्पताल से रेफर होकर वह लोहिया संस्थान पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें इंडोस्कोपी जांच लिखी। संस्थान में जांच के लिए उन्हें अगले साल सितंबर माह की तारीख दी गई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह बाहर जांच कराएं या करीब सवा साल इंतजार करें। बलरामपुर निवासी सोनी भी पेट की समस्या के साथ लोहिया संस्थान पहुंचीं। डॉक्टरों ने इंडोस्कोपी जांच के लिए लिखा। इंडोस्कोपी कराने पहुंचीं तो उन्हें अगले साल सितंबर में आने को कहा गया। मजबूरी में उन्होंने निजी केंद्र से जांच कराकर इलाज जारी रखने की बात कही। लखनऊ निवासी रामकरन ने लोहिया दिवस संस्थान में गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग की ओपीडी में मंगलवार को दिखाया। डॉक्टरों ने इंडोस्कोपी जांच लिखी। उन्हें भी अगले साल की तारीख मिली है। अब उनके पास एक ही विकल्प है कि वे निजी केंद्र में जाकर अपनी जांच कराएं। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इमरजेंसी छोड़कर अन्य मरीजों को इंडोस्कोपी जांच के लिए एक से सवा साल बाद की तारीख दी जा



रही है। इस वजह से मरीज काफी परेशान हैं। संस्थान में गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग में महज एक डॉक्टर बांड के आधार पर तैनात हैं। इसी वजह से जांच के लिए वेटिंग लिस्ट लंबी होती जा रही है। लोहिया संस्थान में गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग में एक भी नियमित डॉक्टर नहीं है। साल भर पहले यहां बांड के आधार पर एक डॉक्टर की तैनाती हुई थी। यही डॉक्टर संस्थान में ओपीडी संभालते हैं और मरीजों की भर्ती भी करते हैं। इंडोस्कोपी जांच की जिम्मेदारी भी उन्हीं के ऊपर है। नतीजा, ओपीडी से लेकर भर्ती और अब जांच में वेटिंग बढ़ती जा रही है। इस समय यहां इंडोस्कोपी जांच के लिए एक साल से ज्यादा की वेटिंग हो गई है।

**विभाग में होने चाहिए न्यूनतम तीन शिक्षक**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मानकों के हिसाब से एक विभाग में न्यूनतम तीन शिक्षक होने चाहिए। इनमें से न्यूनतम एक प्रोफेसर, एक एसोसिएट और एक असिस्टेंट प्रोफेसर होना चाहिए। इसके बावजूद लोहिया संस्थान में लंबे समय से पद खाली पड़े हुए हैं। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता प्रो. भुवन तिवारी ने बताया कि यह सही है कि जांच के लिए वेटिंग नहीं होनी चाहिए, लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से ऐसी समस्या आ गई है। संस्थान में इस समय शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही नियुक्ति होगी और वेटिंग में कमी आएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में दाखिल हुए चोर, मैगी बनाई, एसी चलाकार आराम से खाया फिर की चोरी पुलिस भी हुई दंग

लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ के एक रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर में हुई चोरी ने सभी को चौंका दिया है। चोरों की हरकत चोरों जैसी नहीं थी। वह घर में दाखिल हुए। सामान चेक किया। इसके बाद एसी चलाया। कुछ देर के बाद उठे और किचन में गए। किचन में उन्होंने मैगी बनाई। मैगी बनाने के बाद दो प्लेट लेकर एसी लगे कमरे आए। वहां बैठक में मैगी खाई। रेस्ट किया इसके बाद चोरी की। पुलिस के अनुसार, जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो रसोई के काउंटर पर आधा खुला मैगी नूडल्स का पैकेट, गैस स्टोव पर कड़ाही, लाइटर और माचिस पड़ी हुई थी, जिससे साफ था कि चोरों के पास काफी समय था और उन्होंने आराम से खाना बनाया। यह मामला लखनऊ के इंदिरा नगर सी ब्लॉक का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### एलडीए से व्यावसायिक संपत्ति खरीदने वाले 47 आवंटी दबाए बैठे हैं 400 करोड़, नोटिस जारी

लखनऊ, (संवाददाता)। बड़े व्यावसायिक प्लॉट खरीदने वाले 47 आवंटी एलडीए का करीब 400 करोड़ रुपये कई साल से दबाएं बैठे हैं। एलडीए ने इनको डिफाल्टर मानते हुए 15 दिन में पैसा जमा करने का नोटिस जारी किया है। पैसा न जमा करने पर एलडीए पंजीकरण राशि जब्त कर आवंटन निरस्त करेगा। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि गोमतीनगर, सीजी सिटी सहित अन्य योजनाओं में बड़े व्यावसायिक प्लॉट नीलामी के जरिये आवंटित किए गए हैं। इनमें 2013–14 और उसके बाद प्लॉट खरीदने वाले 47 आवंटी ऐसे हैं, जो पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। किसी ने पंजीकरण राशि जमा की है तो किसी ने एक या दो किस्तें ही जमा की है। ऐसे आवंटियों को नोटिस जारी किया गया है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि डिफाल्टर आवंटियों पर एलडीए का करीब 400 करोड़ रुपये बकाया है।

### कारागारों के निरीक्षण के लिए पहुंचे डीजी जेल

लखनऊ, (संवाददाता)। जरूरतमंद बंदियों को ही जेल अस्पताल में भर्ती करें। यह बात मंगलवार को डीजी जेल पीसी मीणा ने जिला जेल, आदर्श कारागार व नारी बंदी निकेतन के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने तीनों जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। जिला जेल पहुंच कर डीजी ने सबसे पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा। इसके बाद मुलाकात घर, अस्पताल, पाकशाला, हाई सिक्योरिटी बैरक, महिला बैरक समेत सामान्य बैरकों का जायजा लिया। उन्होंने हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद बंदियों का ब्योरा मांगा। इस दौरान उन्होंने सख्त आदेश दिया कि बंदियों की निगरानी में कोई चूक न होने पाए। जेल के अस्पताल में जरूरतमंद बंदियों को ही भर्ती किया जाए। उनके स्वास्थ्य और भोजन की गुणवत्ता सही रखने पर भी जोर दिया। इसके बाद वह आदर्श कारागार पहुंचे और यहां लगे उद्योग व मशीनों को देखा। अंत में वह नारी बंदी निकेतन पहुंचे और महिला बंदियों व उनके बच्चों से बातचीत की।

# अयोध्या समेत सात जिलों में कारोबारी गति विधियां सुस्त, बुंदेलखंड के 5 जिलों का हाल भी खराब

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के सात जिले ऐसे हैं, जहां ऋण–जमा अनुपात (सीडी रेशियो) 40 फीसदी से भी कम है। गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, प्रतापगढ़, अयोध्या, बलिया और उन्नाव के लीड बैंक मैनेजरों को चेतावनी देते हुए इसे हर हाल में बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। शासन ने इन जिलों से ऋण के लिए नए और संभावित सेक्टरों की पहचान कर रिपोर्ट मांगी है। सीडी रेशियो में वृद्धि जिले में




कारोबारी गतिविधियों में तेजी का सूचक होती है। अगर जिले में व्यापार और उद्यम में ग्रोथ हो रही है तो बैंकों से ऋण लेने वालों की संख्या भी स्वभाविक रूप से बढ़ेगी।

ज्तमदकपदह टपकमवे

आरबीआई ने कहा कि 40 फीसदी से कम सीडी अनुपात वाले सभी लीड डेवलपमेंट मैनेजर अपने जिलों में संभावित ग्रोथ पर विचार कर वित्त वर्ष 2025–26 के लिए योजना बनाएं। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च–25 की तिमाही के दौरान ऋण जमा अनुपात में प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। सीडी रेशियो की समीक्षा के लिए गठित उप समिति ने इस अवधि में बैंकों के एडवांस में खराब वृद्धि और जमा में भारी वृद्धि पर चिंता जताई है। समिति ने बैंकों को सलाह दी है कि वे वित्त वर्ष 25–26 के दौरान अग्रिम व सीडी रेशियो में लगातार वृद्धि करके दिखाएं। पूर्वांचल के 27 जिलों में से सिर्फ बहराइच और महाराजगंज का सीडी रेशियो 60 फीसदी है। 12 जिलों का सीडी रेशियो 45 से 60 फीसदी है। शेष 13 जिलों का ऋण जमा अनुपात 45 फीसदी से कम है। इससे साफ है कि इस बेल्ट में कारोबारी गतिविधियां या तो सुस्त हैं या फिर बैंक लोन देने में आनाकानी कर रहे हैं। बुंदेलखंड के 7 जिलों में से सिर्फ ललितपुर और महोबा का सीडी रेशियो 60 फीसदी से ज्यादा है और पांच जिलों का 45 से 60 फीसदी के बीच है। यानी दोनों ही क्षेत्रों में व्यापार की ग्रोथ अनुमान से कम है। 40ः से कम सीडी अनुपात वाले जिलों के एलडीएम को दो महीने में जिला स्तरीय उप समिति की ।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री माधव मंदिर का वार्षिकोत्सव 24 से

लखनऊ, (संवाददाता)। डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर के 64वें वार्षिकोत्सव और श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर मंगलवार को मंदिर समिति की बैठक हुई। इसमें पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि इस बार श्री माधव मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन पांच दिवसीय होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 24 जून को संगीतमय सुंदरकांड से होगी। 25 को सामाजिक, चिकित्सक व वरिष्ठजनों का सम्मान होगा। 26 को सामूहिक हवन यज्ञ, 27 को श्री जगन्नाथ रथयात्रा और 28 को श्री जगन्नाथ दर्शन के साथ श्रीकृष्ण लीला का कार्यक्रम होगा। इस दौरान लइया मंडी में भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्री जगन्नाथ महाप्रभु का प्रसाद वितरित किया जाएगा। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि इस बार रथयात्रा मार्ग में बदलाव किया गया है। यात्रा डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर से शुरू होकर हसनगंज कोतवाली, डॉ. पन्नालाल बाजार, डालीगंज मानस मंदिर रामलीला मैदान, डालीगंज पुल से बाजार होते हुए मंदिर में ही संपन्न होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, ओमकार जायसवाल, धनश्याम श्याम जी साहू, दीपक मल्होत्रा, आरुष अग्रवाल, अनुराग साहू आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीण स्वास्थ्य पर शोध करेगा कैंसर संस्थान

लखनऊ, (संवाददाता)। कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं पर शोध करेगा। तकनीक के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान के रास्ते भी तलाशे जाएंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट ने मंगलवार को स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन कार्यशाला में यह जानकारी दी। प्रो. एमएलबी भट्ट ने कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्र में तमाम स्वास्थ्य समस्याएं ऐसी हैं, जो शहर से अलग हैं। इन पर काम करने की जरूरत है। स्वास्थ्य योजना में वैज्ञानिक निर्णय बेहद अहम होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि अब भी ग्रामीण स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम होना है। इसके लिए मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई विकसित होनी चाहिए। अपने कार्यकाल के दौरान वह इसके लिए प्रयास करेंगे। डॉ. ओशिमा सचिन ने बताया कहा कि भारतीय संदर्भ में तकनीकी का इस्तेमाल और भी जरूरी है। इसी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती हो सकती हैं।

### पोषण पुनर्वास केंद्र से सुधरेगी कुपोषित बच्चों की सेहत

लखनऊ, (संवाददाता)। शहीद पथ स्थित लोहिया संस्थान के मातृ शिशु रेफरल हॉस्पिटल में अत्याधुनिक पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) खोला गया है। एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल व संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने मंगलवार को इसका उद्घाटन किया। निदेशक ने कहा कि यहां कुपोषित बच्चों की पहचान कर इन्हें इलाज और पोषण मुहैया कराया जाएगा। यह केंद्र सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में काम करेगा। नवजात बच्चों के कुपोषण प्रबंधन के लिए अनुसंधान व प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# अल्ट्रासाउंड जांच के लिए मरीज 25 किमी की लगा रहे दौड़

लखनऊ, (संवाददाता)। नगराम सीएचसी में सोनोलॉजिस्ट तैनात न होने से अल्ट्रासाउंड जांच चार माह से बंद है। मरीजों को जांच के लिए 25 किमी की लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है। वहां भी आसानी से जांच संभव न होने पर मरीजों को निजी केंद्र जाना पड़ रहा है। ऐसे में धन और समय दोनों अधिक लग रहे हैं। सीएमओ का कहना है कि सोनोलॉजिस्ट की तैनाती कर जल्द ही जांच शुरू कराई जाएगी। नगराम सीएचसी की ओपीडी में हर दिन करीब 100–150 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। गर्भवतियों की निजी केंद्र में मुफ्त जांच हो जा रही है, जबकि सामान्य मरीजों की जांच ठप पड़ी है। इन्हें मोहनलालगंज सीएचसी भेजा जा रहा है, मगर वहां के मरीजों की कतार पहले से लंबी होने के कारण नगराम से गए मरीजों की जांच आसानी से नहीं हो पा रही है। नतीजतन मरीजों को मजबूरी में निजी केंद्र जाना पड़ रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश के मुताबिक, यहां तैनात सोनोलॉजिस्ट को हाईकोर्ट से अटैच कर दिया गया है। ऐसे में यहां जांच बंद है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि सोनोलॉजिस्ट की जल्द तैनाती कराई जाएगी, ताकि जांच प्रभावित न हो। मोहनलालगंज में हफ्ते में एक ही दिन हो रही जांच नगराम सीएचसी से मरीजों को जांच के लिए मोहनलालगंज सीएचसी भेजा जा रहा है। दोनों सीएचसी के बीच की दूरी करीब 25 किमी है। मोहनलालगंज सीएचसी में मरीजों का पहले से बहुत अधिक लोड है। यहां हफ्ते में एक दिन जांच हो रही है। ऐसे में सामान्य मरीजों को जांच के लिए दो से तीन हफ्ते बाद बुलाया जा रहा है।

सीएमओ के अधीन सीएचसी पर महज पांच सोनोलॉजिस्ट सीएमओ के अधीन 20 सीएचसी का संचालन हो रहा है। इनमें से चार सीएचसी अलीगंज, इंदिरानगर, रेडक्रॉस, चंदननगर में मशीन खराब पड़ी है, जबकि 16 सीएचसी में मशीनें तो दुरुस्त है, लेकिन इन सभी जगहों पर जांच के लिए महज पांच ही सोनोलॉजिस्ट तैनात हैं, जिनके जरिये हर सीएचसी में हफ्ते में एक दिन ही जांच की जा रही है।

# कैसरबाग डिपो के बस परिचालक से रुपईडीहा में मारपीट, लखनऊ में प्रदर्शन

लखनऊ, (संवाददाता)। सवारी बैठाने को लेकर बहराइच के रुपईडीहा बस अड्डे पर मंगलवार को कैसरबाग डिपो के परिचालक के साथ मारपीट हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर कैसरबाग बस अड्डे पर कर्मचारी भड़क गए और चालक–परिचालकों ने बसों का संचालन ठप कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक उन्होंने प्रदर्शन किया, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को कैसरबाग डिपो की बस रुपईडीहा बस स्टेशन पर सवारियां बैठाने के लिए खड़ी थी। वहां ज्यादा देर तक बस खड़ी करने को लेकर रुपईडीहा के टाइम कीपर शानू ने परिचालक अश्विनी से हाथापायी कर दी। यह सब डिपो के एआरएम राम प्रकाश के सामने हुआ, लेकिन उन्होंने बीचबचाव नहीं किया। इसकी जानकारी अश्विनी ने कैसरबाग डिपो के अपने साथियों को दी तो कैसरबाग से बसों का संचालन रोक दिया गया। करीब डेढ़ घंटे तक हरदोई, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर को जाने वाली बसें बस अड्डे के बाहर ही नहीं निकलीं। जब लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने परिचालक से मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब बसों का संचालन शुरू हुआ और यात्रियों ने राहत की सांस ली।

वहीं, उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी स ंघ के कार्यकारी अध्यक्ष आमिर जावेद ने बताया कि आए दिन रुपईडीहा में कैसरबाग डिपो के चालक–परिचालकों को सवारियां नहीं भरने से रोका जाता है, उन्हें परेशान किया जाता है।

# सरकारी संस्थानों में 12 व अस्पतालों में 14 डॉक्टर हुए तैनात

लखनऊ, (संवाददाता)। वॉक इन इंटरव्यू के जरिये चुने गए डॉक्टरों को मंगलवार को सरकारी संस्थानों–अस्पतालों में तैनाती दे दी गई। सबसे अधिक डॉक्टर केजीएमयू में भेजे गए हैं। सीएमओ का कहना है कि सभी डॉक्टरों को अपनी–अपनी जगह पर सेवाएं देने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी अस्पताल, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व पीएचसी मिलाकर संविदा के कई डॉक्टरों के पद खाली थे। अप्रैल में सीएमओ ऑफिस में वॉक इन इंटरव्यू हुआ था। इसमें 200 से अधिक डॉक्टर शामिल हुए थे। एक माह बाद रिजल्ट जारी हुआ था। इसमें 62 डॉक्टरों का चयन हुआ। मंगलवार को सभी डॉक्टरों को उनके कार्यक्षेत्र का आवंटन कर दिया गया है। इनमें आठ डॉक्टर केजीएमयू भेजे गए हैं। लोहिया में तीन व पीजीआई ब्लड बैंक में एक डॉक्टर को भेजा गया है। इसी तरह लोकबंधु में चार, रानी लक्ष्मीबाई व सिविल अस्पताल में तीन–तीन डॉक्टर तैनात किए गए हैं।

# इंडिया गठबंधन यूपी में मिलकर लड़ेगा विधान सभा चुनाव सीटों पर बन जाएगी सहमति



लखनऊ, (संवाददाता)। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है। इंडिया गठबंधन मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगा। हम उस समय सीटों पर बात कर लेंगे। समाजवादी पार्टी किसी सांसद के बयान या किसी के ट्वीट और सोशल मीडिया पर लिखने पर कुछ भी नहीं कहना चाहती है। अखिलेश यादव मंगलवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कारोबार, नौकरी और रोजगार भाजपा सरकार के एजेंडे में नहीं है। भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी को बढ़ाया है। देश का पूरा बाजार विदेशियों के हाथ में दे दिया है। जो लोग खुद को राष्ट्रवादी कहते हैं, स्वदेशी की बात करते हैं, उन्होंने एफडीआई लाकर और नीतियां बनाकर देश का बाजार विदेशी सामानों से पाट दिया। उन्होंने योगी सरकार के आपसी अंतरविरोध भी सामने रखे। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने और व्यवस्था सुधारने के लिए कोई काम नहीं किया। प्राइमरी स्कूलों की गुणवत्ता खराब कर दी। स्कूलों में बच्चे नहीं जा रहे हैं। सरकारी इंटरमीडिएट स्कूलों की जमीनों पर भाजपा नेताओं की नजर है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने नमामि गंगे के नाम पर हजारों करोड़ का बजट साफ कर दिया, लेकिन गंगा की सफाई नहीं हो पाई। सरकार ने 20 फीसदी भी गेंहू की खरीद नहीं की। समाजवादी सरकार में प्रदेश का पहला काऊ मिल्क प्लांट कन्नौज में लगाया गया था। भाजपा सरकार में बंद हो गया। बदायूं में पटेल समाज के साथ अन्याय हुआ है। प्रयागराज में पाल समाज की बेटी के साथ अन्याय हुआ। बुनकरों को अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि अहमदाबाद में हुआ विमान दुर्घटना बेहद गंभीर है। इतनी बड़ी दुर्घटना के बाद अभी तक किसी भी जिम्मेदार का इस्तीफा नहीं हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा कि हमने पुलवामा और पहलगाम हमले में किसी का इस्तीफा नहीं मांगा, लेकिन इस दुर्घटना में सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब से विभागों का निजीकरण हुआ है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। ऐसा लगता है अपने लोगों को नौकरी देने के लिए सरकार ने अयोग्य लोगों को पदों पर बैठा दिया है।

# छह करोड़ की ठगी में गिरफ्तार बिल्डर के आरोपी भाई पर घोषित होगा 25 हजार का इनाम

लखनऊ, (संवाददाता)। दूसरों की जमीन अपनी बताकर 100 से ज्यादा लोगों से छह करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आरोपी बिल्डर प्रमोद कुमार उपाध्याय को जेल भेजने के बाद अब उसके आरोपी भाई बिनोद पर 25 हजार का इनाम घोषित किया जाएगा। पुलिस टीम बिनोद की तलाश कर रही है। लुभावने ऑफर दिखाकर फर्जी तरीके से जमीनों की रजिस्ट्री करने के आरोपी आवास विकास वृंदावन योजना निवासी प्रमोद कुमार उपाध्याय को एसटीएफ व मोहनलालगंज पुलिस ने सोमवार को जेल भेजा था। आरोपी और उसके भाई के खिलाफ धोखाधड़ी की 30 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं। आरोपी ज्यादातर सैन्यकर्मियों को झांसे में लेकर उनसे ठगी करते थे। आरोपियों ने एचके इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी बना रखी थी। बिनोद कुमार उपाध्याय एचके इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है। एसीपी रजनीश वर्मा के मुताबिक, आरोपी बिल्डर भाइयों की प्रॉपर्टी व बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी निपुण अग्रवाल का कहना है कि बिनोद पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खास बात ये है कि गिरफ्तार किए गए बिल्डर प्रमोद का कुछ माह पहले तक मोहनलालगंज कोतवाली में दबदबा था। आरोपी ने कुछ साल पहले ही थाने के गेट का निर्माण कराया था। गेट पर पुलिस अधिकारियों के साथ ही अपने नाम का शिलापट भी लगवाया था। सोमवार को बिल्डर की गिरफ्तारी के बाद आनन–फानन थाने के गेट में लगा शिलापट हटवा दिया गया। प्रमोद व बिनोद ने अपने पिता के साथ मिलकर एचके इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी बनाई और मोहनलालगंज इलाके में जमीनें खरीदकर प्लॉटिंग शुरू की। आरोपियों ने क्रय जमीन से अधिक प्लॉट बेचकर लोगों की रकम हड़पी।

# दून एक्सप्रेस डाउन से वाणिज्य निरीक्षक ने किया अवैध रूप से बिक्री हो रहे भारी मात्रा में पेयजल व खाद्य पदार्थ बरामद



अयोध्या।गुरुवार को वाणिज्य निरीक्षक रेलवे लखनऊ रोहित ने गाड़ी संख्या 33010 दून एक्सप्रेस पर अवैध रूप से खाद्य पदार्थ व पानी बेचने वालों पर शिकंजा कसा।इस दौरान इन खाद्य पदार्थ तथा पानी आदि बेच रहे वेंडर मौके से फरार हो गए।लेकिन भारी संख्या में खाद्य पदार्थ तथा पानी आदि बरामदकर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन आरपीएफ के सुपुर्द किया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन हरीश शाही ने बताया कि लखनऊ से आ रही डाउन दून एक्सप्रेस काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि आने जाने वाले ट्रेनों में अवैध रूप से बिक्री हो रहे खाद्य पदार्थ तथा पेयजल को लेकर वाणिज्य निरीक्षक लखनऊ ने छापा मारा।उन्होंने बताया छापे में 17 कैरेट पानी, भारी मात्रा में चिप्स,एक पेटी नमकीन के अलावा एक कंटेनर चाय बरामद हुआ। वहीं इसमें शामिल इन बंदरो के घर पकड़ के लिए अभियान तेज कर दी गई है।इस कार्यवाही मे एसआईटी अभिमन्यु सिंह, संतोष जोशी, शिवानंद यादव, उप निरीक्षक आरपीएफ अनुज कुमार के अलावा जीआरपी के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन ने प्रशिक्षण के लिए आये रिक्रूट आरक्षियों से किया मुलाकात



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन ने जौनपुर पुलिस लाइन में प्रशिक्षण के लिए आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ कर, प्रशिक्षण को सुचारु, व्यवस्थित व प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए है। अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया द्वारा पुलिस लाइन में सलामी लेकर प्रशिक्षु आरक्षियों से परिचय प्राप्त कर उन्हे सम्बोधित किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन प्रागंण में स्थित जीटीसी परिसर, बैरेक, क्लासरुम, भोजनालय, बार्बर शॉप, स्नानागार, शौचालय, बैंक ऑफ बरोदा अकाउंट खोलने की प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, रेफ्रिजरेशन सिस्टम, एयर कंडीशनिंग सिस्टम, किचन संबंधी विभिन्न स्वचालित मशीन तथा अन्य सभी संसाधनों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान द्वारा जेटीसी में आए सभी नवीन रिक्रूटो से उनकी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की गई तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन तथा आशीर्वचन भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक जौनपुर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक, जीटीसी प्रभारी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा जीटीसी संबंधित तैयारी पर संतोष प्रकट किया गया तथा बिहेवियरल ट्रेंनिंग, टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज एवं गुणवत्ता बढ़ाने हेतु विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए।

# बस्ती में गरिमा गृह स्थापना के लिये राज्यपाल गंभीरः डीएम, सीडीओ से किया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

बस्ती, (संवाददाता)। ट्रांसजेण्डरों को भोजन चिकित्सा सुविधा, परामर्श और आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से गरिमा गृह स्थापित किये जाने की मांग को राज्यपाल आनन्दीबेन ने गंभीरता से लिया है। ट्रांसजेण्डरों के लिए काम कर रही इंदिरा चेरिटेबल सोसाइटी के सीईओ अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्यपाल आनन्दीबेन से वार्ता के बाद उन्होने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होने राजभवन में किन्नरों के सामाजिक उत्थान और आत्मनिर्भरता के लिये केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा और वित्तीय समावेशन से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा के साथ जानकारी हासिल किया। बस्ती से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और इंदिरा चौरिटेबल सोसाइटी के अजय पाण्डेय राजभवन से जुड़े रहे और राज्यपाल ने सीधा संवाद स्थापित किया। राज्यपाल ने जिलाधिकारी को ट्रांसजेंडरों के कल्याण के लिए काम कर रही संस्था को हरसंभव प्रयास मदद के लिए निर्देशित किया।

राज्यपाल आनन्दी बेन ने कहा कि जब ट्रांसजेंडर समुदाय को रोजगार प्राप्त होगा, तो उनके परिवारजन भी उनका सम्मान करने लगेंगे। राज्यपाल ने इंदिरा चौरिटेबल सोसाइटी के कार्यों की सराहना करते हुये राजभवन की ओर से किन्नरों की पाठशाला को शिक्षण–सुविधाओं से सुसज्जित करने हेतु एक 02.10 लाख रुपया का स्मार्ट बोर्ड प्रदान किया करने की घोषणा किया। कहा कि शिक्षा आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी है और ट्रांसजेंडर समुदाय को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से न केवल शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने में उन्हें नई दिशा भी मिलेगी। बैठक में बस्ती जनपद के जिलाधिकारी द्वारा जिले में ट्रांसजेण्डर समुदाय के लिए चल रही योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी दी गई।

इंदिरा चेरिटेबल सोसाइटी के सीईओ अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्यपाल आनन्दीबेन ने बस्ती के साथ ही समूचे प्रदेश में ट्रांसजेण्डरों के लिये चलायी जाने वाली योजनाओं की समीक्षा किया। श्री पाण्डेय ने बताया कि अब उम्मीद बढ गयी है कि बस्ती में अति शीघ्र गरिमा गृह संचालन के साथ ही ट्रांसजेण्डरों के कल्याण के लिये योजनायें जमीनी धरातल पर उतरेंगी।

# विश्वविद्यालय में चल रहे मूल्यांकन भवन सहित मुख्य परिसर का कुलपति ने किया निरीक्षण



(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मुख्य परिसर में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने परिसर के विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया।मूल्यांकन भवन, ईडीपी सेल स्वामी विवेकानंद सभागार सहित परिसर के मुख्य गेट का निरीक्षण किया। मूल्यांकन भवन में चल रहे मूल्यांकन प्रगति को भी परखा।आवश्यक सुविधाओं को सुचारू रूप से मुहैया कराने के लिए संबंधित को आदेश दिया। पेयजल सुविधा एवं साफ सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।स्वामी विवेकानंद सभागार में मुख्य हाल अन्य कमरों का निरीक्षण किया। सभागार परिसर के आसपास पौधरोपण के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. सुरेंद्र मिश्र, इंजीनियर आरके सिंह, राजेश पाण्डेय, डॉ. आदित्य सिंह वह अन्य मौजूद रहे।

# ढाई करोड के लाभ में हैं जिला सहकारी बैंक, एटीएम सुविधा उपलब्ध

बस्ती, (संवाददाता)। मंगलवार को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मुख्यालय पर 'अपना बैंक जिला सहकारी बैंक' अभियान के तहत जनपद के वरिष्ठ नागरिकों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बैंक की वर्तमान स्थिति, विस्तार, उपभोक्ताओं के समस्याओं के समाधान पर विचार किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि बैंक सब प्रकार की कठिनाईयों से बाहर निकल चुका है और ढाई करोड़ के लाभ में हैं। बस्ती और संतकबीर नगर जनपद में कुल 19 शाखायें अपनी सेवायें दे रही हैं। बैंक द्वारा 160 सहकारी समितियों को 15 लाख रूपये का व्याज रहित ऋण उपलब्ध कराया गया है। बैंक अब एटीएम सेवायें भी दे रहा है।

श्री तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीयकृत बैंको की तुलना में ऋण पर 1द्2 से 1.00 प्रतिशत ब्याज कम लेता है, और निवेश पर 1द्2 प्रतिशत ज्यादा ब्याज देता है। नये ग्राहकों को बैंक से जोड़ने का आवाहन करते हुये श्री तिवारी ने कहा कि, जिला सहकारी बैंक प्रतिष्ठापरक नीति के तहत अब व्यवसायिक, औद्योगिक, व्यक्तिगत लेन–देन के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होने जनपद के नागरिकों व्यापारियों एवं उद्योगपतियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या मे बैंक में खाता खोलकर 'सहकार से समृद्ध' योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनो को साकार करने के लिए, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं सहकारिता राज्य मंत्री जे०पी०एस० राठौर के नीतियों के तहत बैंक को सब प्रकार से आगे बढाने में सहयोग करें।

# जन जन तक पहुंचायें योग – प्रो रमेश मणि त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के योग सप्ताह के पंचम दिवस गुरुवार को कुटीर चक्के महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी और लोक गीत गायक रविन्द्र सिंह ज्योति के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके योगाभ्यास का शुभारंभ किया गया। उन लोगों के संबोधन में बताया की यहां से योग में प्रशिक्षित हो रहे योग शिक्षकों की जिम्मेदारी है की वह एक महाअभियान का स्वरूप देते हुए जन जन तक योग को पहुंचाकर लोगों को स्वस्थ और खुशहाल बनानें में अपनी महति भूमिकाएं निभाएं और इसके साथ ही बच्चों को बचपन से ही योग की संस्कारशाला में शामिल करें जिससे की स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। पतंजलि योग समिति उत्तर प्रदेश के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति के दिशा–निर्देशन में विकास योगी, जगदीश यादव, अर्जुन सिंह, त्रियंबकम मिश्रा, अरविन्द कुमार,राजकुमार और कुलदीप योगी के द्वारा रोगानुसार व अवस्थानुसार योगाभ्यास को कराते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है। श्री हरीमूर्ति के द्वारा योग निद्रा और ध्यान का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों को बताया गया। उपवास और उपासना का योग में महत्वपूर्ण योगदान है। आहार पूर्णतः सात्विकता से परिपूर्ण होंने पर ही उपासना के तहत ध्यान अपने चरमोत्कर्ष तक पहुंच सकता है। लम्बे समय तक आसन, ध्यान और प्राणायामों का अभ्यास करनें पर शरीर में विशेष प्रकार के हार्मोन्स का क्रिएशन होना शुरू होता है जो व्यक्ति की रोग–प्रतिरोधक क्षमता के साथ उसकी ऊर्जा लेवल को बढ़ाता है जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति की कर्मेंद्रियां और ज्ञानेन्द्रिया समेकित होकर एक सकारात्मक दिशा में सक्रिय हो जाती हैं और व्यक्ति की चित् और चेतना उच्चतम स्तर पर पहुंच जाता है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी डॉ कमल के द्वारा जनपद के सभी संभव दिशाओं योगाभ्यास को फैलाने के लिए संकल्पित किया गया। इस मौके पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी शशिभूषण यादव , भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रहरि,शरद कुमार, दीपक श्रीवास्तव, आयुष विभाग के विशेष चिकित्सक डा विमल कुमार, डा सुजीत श्रीवास्तव, डा स्तुति साहनी, डा अनिल सिंह के साथ योग प्रशिक्षक कुलदीप योगी, प्रियंका राजपूत,विकास यादव, त्रियंबकम मिश्रा, क्षमा सिंह, रजनी साहू, क्षमा सिंह, सहित अनेकों लोगों की उपस्थिति रही।

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाएरु सीडीओ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई। अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती के साथ–साथ मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के लाभ बताते हुए कहा कि जनपद के समस्त किसान अपनी किसान आईडी अनिवार्य रूप से बनवा ले क्योंकि पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसान ही प्राप्त कर सकेंगे, गांवो में कैम्प आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही। उन्होने कहा कि किसानों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ0 आर के सिंह के द्वारा किसानों को मक्के की खेती में अच्छा उत्पादन, पतवार नष्ट करने के लिए प्रयोग की जाने वाली दवा और धान की उन्नत और लाभदायक खेती कैसे करे इसके सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। एफपीओ यमदग्नीपुरम के सीईओ चंद्रसेन सिंह ने मक्का के उत्पादन करने से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए जनपद के किसानों की अधिक अधिक संख्या में खेती करने की अपील की। किसान युगल तिवारी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए किसानों को वर्मी कंपोस्ट का उपयोग करने हेतु सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी पीडी आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 ओपी श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा सहित अन्य अधिकारीगण और किसान उपस्थित रहे।

# रेस्टोरेंट संचालक से की थी एक लाख रुपये की लूट, आरोपी गिरफ्तार– 90 हजार रुपये बरामद

गोरखपुर , (संवाददाता)। नौसड़ स्थित टेस्टी प्वाइंट मिर्च मसाला रेस्टोरेंट के मालिक के साथ हुई रविवार की रात हुई एक लाख रुपये की लूट के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी राहुल सिंह उर्फ रानू सिंह ने भागते समय पुलिस पर फायर भी किया। पुलिस ने उसके पास से लूटे गए 90 हजार रुपये के साथ ही देसी तमंचा व 12 बोर के दो जिंदा कारतूस जब्त कर लिया। जानकारी के अनसार, रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रूस्तमपुर निवासी राजकमार उर्फ राजू की नौसढ़ में टेस्टी प्वाइंट मिर्च मसाला रेस्टोरेंट है। रविवार की रात उनके पार्टनर अनिरुद्ध ने रात 11.45 बजे एटीएम से एक लाख रुपये निकाल लेने की बात ही। उसके कहने पर राजू ने नौसढ़ तिराहे पर एटीएम से एक लाख रुपये निकाल कर रेस्टोरेंट आ गए। उसके पीछे एक बदमाश मौके पर पहुंचा। उसने पानी पीने का बहाना बनाया। अभी राजू पानी देने के लिए घूमा ही था कि पीछे से बदमाश ने पकड़ कर उसे मारपीट कर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसकी जेब से एक लाख रुपये निकाल कर वहां से भाग निकला। होश में आने पर




पीड़ित ने गीडा पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद गीडा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। मंगलवार को गीडा प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह को मुखबिर ने सूचना दी कि लूटकांड का आरोपी नौसड से बस्ती की तरफ जाने के लिए आ रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम के साथ कालेसर मोक्ष धाम पर सघनता से चेकिंग व तलाशी करने लगी। एक घंटे बाद नौसड़ की तरफ से एक बाइक तेज गति से आती दिखी। रुकने का इशारा करने पर बाइक चालक मोक्ष धाम से राउतपार उर्फ सरैया को जाने वाली रोड की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने फायर झोंक दिया। इसी दौरान आरोपी बाइक लेकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान बस्ती नगर के भेलवल गांव निवासी राहुल सिंह उर्फ रानू सिंह के रूप में हुई।?

# हर 45 किलोमीटर पर मिलेगी एंबुलेंस की सुविधा, क्रेन– हाईड्रा की भी मिलेगी इमरजेंसी सेवा

गोरखपुर, (संवाददाता)। लिंक एक्सप्रेस–वे पर हादसों में घायलों की मदद के लिए हर 45 किलोमीटर पर एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा। 20 जून को मुख्यमंत्री इस एक्सप्रेस–वे के उद्घाटन के दौरान सुरक्षा वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से बनवाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे पर यात्री सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री जिस सुरक्षा फ्लीट का शुभारंभ करेंगे। पांच इनोवा, पांच कैंपर, चार एंबुलेंस, दो क्रेन और एक हाइड्रा वाहन शामिल है। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय ने बताया कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पेट्रोलिंग 8–8 घंटे के शिफ्ट में होगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैंपर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा 91 किमी लंबे एक्सप्रेस–वे पर हर 45 किलोमीटर पर मार्ग के दोनों तरफ एक–एक एंबुलेंस की तैनाती रहेगी। ताकि आपात स्थिति में तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा सके। किसी वाहन के सड़क पर खराब होने पर हटाने के लिए हर 45 किमी पर क्रेन और पूरे एक्सप्रेस–वे के लिए एक हाइड्रा वाहन भी उपलब्ध रहेगा। यात्री और मध्यम मालवाहक वाहनों को क्रेन से और बड़े मालवाहक वाहनों को सड़क से काफी दूर कर दिया जाएगा। क्योंकि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के दिशानिर्देश के मुताबिक एक्सप्रेस–वे पर खराब वाहनों को खड़ा नहीं किया जा सकता।

आने वाले समय में एटीएमएस लागू करने की तैयारी गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आने वाले समय में एटीएमएस भी लागू करने की तैयारी है। इस सिस्टम के तहत एक्सप्रेसवे पर हर पांच किमी पर सीसी कैमरे लगाए जाते हैं।

# 21 जून 2025 को राजकीय आई0टी0आई0 जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर 19 जून।– निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ०प्र० एवं जिलाधिकारी के निर्देश के कम में राजकीय आई०टी०आई० जौनपुर में 21 जून 2025 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जिसकी शैक्षिक योग्यताः– हाईस्कूल, इण्टर, आई०टी०आई० एवं स्नातक उत्तीर्ण आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई०डी०प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करेंगे एवं सेवायोजन वेबपोर्टल– तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद के माध्यम से पंजीकरण कर अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# सीएमओ की निरीक्षण में मिली खामियां,हुई कार्यवाई

अयोध्या।सीएमओ डॉ सुशील कुमार बानियान एवं टीम द्वारा ब्लॉक तारून में आरोग्य चिकित्सालय जाना बाजार रोड नन्सा बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां पर सलमा पत्नी मुकद्दर अली को सीजर से डिलीवरी हुई थी।उस गर्भवती महिला को एक दिन पूर्व आरोग्य चिकित्सालय जाना बाजार रोड नन्सा बाजार में भर्ती की गई।जहां पर उसका ऑपरेशन किया गया।निरीक्षण के समय न तो कोई डॉक्टर था।किस सर्जन ने ऑपरेशन किया उसका नाम नहीं लाभार्थी बता रहे थे। हॉस्पिटल के घरेलू फ्रिज में 1यूनिट ब्लड मिला एवं 1यूनिट ब्लड का रैपर मिला जो कि भर्ती मरीज को चढ़ाया जा चुका था मरीज ने ऐसा बताया साथ ही दवा एक्सपायर भी मिली।बाद मे बदरुल हसन के घर पर छापा मारा एक दिन पूर्व उपरोक्त महिला उसके घर पर डिलीवरी



हेतु गई जहां पर उसकी हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई थी । थाना तारुन में बदरुल हसन के खिलाफ गैर कानूनी कृत्य के लिए एफआईआर दर्ज करा दी गई है।हॉस्पिटल की कार्यशैली एवं क्रियाकलाप मानक के अनुरूप न पाए जाने के कारण प्रकिया के कारण ।निरीक्षण में नोडल अधिकारी डॉ संदीप शुक्ला,नोडल अधिकारी डॉ संदीप शुक्ला,डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश चौधरी, डॉ वीपी त्रिपाठी डीपीएम राम प्रकाश,डिस्ट्रिक एआओ प्रवीण त्रिपाठी , मनोज त्रिपाठी,डीआईसी मैनेजर डॉ हम्माद , मनोज मौर्य एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे ।

# पुलिसिया मुठभेड़ में टप्पेबाजी गैंग के 2 सदस्य घायल

कुशीनगर, (संवाददाता)। जनपद के हाटा, पडरौना कोतवाली एवं स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम ने सुनारों का रेकी कर टप्पेबाजी करने वाले उड़ीसा जाजपुर अन्तर्राज्यीय गैंग से संबंधित दो अभियुक्तों के साथ हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए पुलिसिया मुठभेड़ में घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाशो से 15 हजार रुपये नगद, भारी मात्रा में चोरी के आभूषण घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल व अवैध असलहा बरामद किया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन एवं पुलिस उप–महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज के निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 17 जून 2025 को थाना हाटा कोतवाली, पडरौना कोतवाली व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र के किस्तूराजा स्कूल के सामने देवरिया रोड हाटा के समीप घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये, जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी। जिसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गये। जिसकी पहचान जितू प्रधान पुत्र अन्ना राव प्रधान निवासी दश्मनीया थाना जखपुरा जनपद जाजपुर उडीसा, किशोर प्रधान पुत्र नरायण प्रधान निवासी दश्मनीया थाना जखपुरा जनपद जाजपुर उडीसा के रुप में हुई। जिनको मौके से गिरफ्तार किया गया। मौके व कब्जे से 2– अदद अवैध तमन्चा .315 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, 04 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, चोरी के भारी मात्रा में सफेद धातु व पीली धातु के आभूषण, घटना में प्रयुक्त दो अदद मोबाईल फोन, एक अदद मोटरसाइकिल बजाज पल्सर 220 सीसी बिना नंबर प्लेट,, 08 अदद कपड़े का कैटलाग अपराध से अर्जित नगद 15000 रुपये बरामद किया गया।

# दउलिया मनिया छपरा में जलभराव से ग्रामीण परेशान, हादसों का सिलसिला जारी

कुशीनगर, (संवाददाता)। जनपद के रामकोला विकास खंड के ग्राम पंचायत दिउलिया मनिया छपरा के करमहवा टोले में मनीया छपरा से अहिरौली जाने वाली सड़क पर जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गंदा पानी सड़क पर भरा होने से रोजाना बाइक और साइकिल सवार गिर रहे हैं। जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।